# Govt Ghanshyam Singh Gupt P.G. College Balod (C.G.)

## Participated In Inter State Youth Redcross Training Camp (Kurukshetra) Haryana

### Session 2025-26

### Date – 22/08/2025 To 28/08/2025



Dr. T.R. Thakur
Counsellor



Lakshya Kumar Sahu
YRC volunteer



Rajesh Bakshi
YRC volunteer

16,000 से अधिक कर्मचारी अपनी 10 NHM कर्मचारियों द्वारा जिला सड़क में खड़े होकर उनका तिरंगा लहराते थे

# इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप में छत्तीसगढ़ राज्य से यूथ रेड क्रॉस वॉलिंटियर की हुई रवानगी

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**




छत्तीसगढ़ राज्य से शासकीय महाविद्यालय बालोद के दो युवा वॉलिंटियर का चयन इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप हेतु हुआ है। इनमें शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एम.ए. अर्थशास्त्र के विद्यार्थी एवं यूथ रेड क्रॉस वॉलिंटियर लक्ष कुमार साहू तथा बी.एससी. तृतीय वर्ष के रेड क्रॉस वॉलिंटियर राजेश बक्शी बालोद जिले व छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे । यह प्रशिक्षण शिविर पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 22 से 28 अगस्त तक आयोजित होगा। इस इंटर स्टेट कैंप में देशभर के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से आए रेड क्रॉस स्वयंसेवक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से कुल 23 वॉलिंटियर सहित तीन काउन्सलर डॉ. टी. आर. ठाकुर, श्री बालाराम साहू, श्री आकाश गिरि गोस्वामी, के मार्गदर्शन मे इस शिविर में भाग लेंगे।

इस प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार , स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, रक्तदान जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा नेतृत्व क्षमता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के वॉलिंटियर्स द्वारा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत छत्तीसगढ़ की लोकभाषा, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर राज्य की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित किया जाएगा। इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। यहां वॉलिंटियर न केवल आपसी समन्वय और टीम वर्क सीखते हैं, बल्कि रेड क्रॉस की मूल भावना "मानवता, सेवा और करुणा" को आत्मसात करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। शिविर में चयनित होने पर महाविद्यालय एवं रेड क्रॉस संगठन से बधाइयों का तांता लगा है । रेड क्रॉस चेयरमैन तोमन साहू, महाविद्यालय प्राचार्य डा. जे.के. खलको, रेड क्रॉस जिला संगठक चंद्रशेखर पवार, डा. प्रदीप जैन, श्रीमती कमला वर्मा, शशी कला देशमुख, सीमा सुशील जामवन्ते ,एनुका सार्वा, दिनेश तापड़िया, शरद ठाकुर, रूपनारायण देशमुख,रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. टी. आर. ठाकुर, एनएसएस प्रभारी प्रो. जी. एन. खरे, सहित रेड क्रॉस के अन्य सदृस्यो ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों चयनित वॉलिंटियर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ 26 सदस्यीय दल का नेतृत्व डॉ.टी. आर. ठाकुर रेड क्रॉस काउंसलर करेंगे


संपादकः **माधुरी दीपक यादव**, सलाहकार संपादक-**यशवंत पुरी गोस्वामी**, उप संपादक- **मधू दीपक देवदास**,वेब मीडिया dailyb


# यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में लक्ष व राजेश हिस्सा लेंगे

**भास्कर न्यूज़ | बालोद**

छत्तीसगढ़ राज्य से शासकीय महाविद्यालय बालोद के दो युवा वॉलेंटियर का चयन इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप के लिए हुआ है। एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थी एवं यूथ रेड क्रॉस वॉलेंटियर लक्ष कुमार साहू तथा बीएससी तृतीय वर्ष के रेडक्रॉस वॉलेंटियर राजेश बक्शी बालोद जिले व छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 22 से 28 अगस्त तक आयोजित होगा।

इस इंटर स्टेट कैंप में देशभर के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से आए रेडक्रॉस स्वयंसेवक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से कुल 27 वॉलंटियर इस शिविर में भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार , स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, रक्तदान जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा नेतृत्व क्षमता पर ट्रेनिंग देंगे।

# ट्रेनिंग कैंप में भाग लेने यूथ रेड क्रॉस वॉलंटियर हरियाणा रवाना




प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने पंजाबी धर्मशाला कुरुक्षेत्र रवाना होते युवा।

बालोद| शासकीय पीजी महाविद्यालय बालोद के दो वॉलंटियर का चयन इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप के लिए हुआ है। एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थी एवं यूथ रेडक्रॉस वॉलंटियर लक्ष कुमार साहू तथा बीएससी तृतीय वर्ष के रेड क्रॉस वॉलंटियर राजेश बक्शी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने पंजाबी धर्मशाला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के लिए रवाना हुए। इस इंटर स्टेट कैंप में देशभर के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से आए रेड क्रॉस स्वयं सेवक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से कुल 23 वॉलंटियर सहित तीन काउंसलर डॉ. तुला राम ठाकुर, बालाराम साहू, रोशन लाल वर्मा के मार्गदर्शन मे इस शिविर में भाग लेंगे।